30 सितम्बर पश्चिम विना
1 अक्टूबर पूर्व विना
2 अक्टूबर पूर्व उत्तर
3 अक्टूबर पूर्व विना
4 अक्टूबर पूर्व दक्षिण
5 अक्टूबर उत्तर विना
6 अक्टूबर पूर्व पश्चिम
7 अक्टूबर पूर्व उत्तर
8 अक्टूबर पश्चिम उत्तर
9 अक्टूबर पूर्व उत्तर

कार्तिक कृष्ण पक्ष

10 अक्टूबर पश्चिम उत्तर

11 अक्टूबर पूर्व दक्षिण
4-17 दिन तक
14 अक्टूबर पश्चिम विना
15 अक्टूबर पूर्व विना
18 अक्टूबर पूर्व दक्षिण
19 अक्टूबर उत्तर विना
8-02 प्रातः तक
21 अक्टूबर पश्चिम विना
12-28 दिन से
22 अक्टूबर पूर्व विना
23 अक्टूबर पूर्व उत्तर
24 अक्टूबर पूर्व विना
2-42 दिन तक

कार्तिक शुक्ल पक्ष

27 अक्टूबर पूर्व पश्चिम
12-10 दिन से
28 अक्टूबर पश्चिम विना
30 अक्टूबर पूर्व उत्तर
31 अक्टूबर पूर्व विना
2 नवम्बर पूर्व पश्चिम
3 नवम्बर पूर्व पश्चिम
4 नवम्बर पूर्व उत्तर
5 नवम्बर पश्चिम उत्तर
6 नवम्बर पूर्व उत्तर
7 नवम्बर पूर्व विना

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष

10 नवम्बर पूर्व पश्चिम
11 नवम्बर पश्चिम विना
12 नवम्बर पूर्व विना
7-33 प्रातः तक
13 नवम्बर पूर्व उत्तर
10-18 दिन से
14 नवम्बर पूर्व विना
18 नवम्बर पश्चिम विना
19 नवम्बर पूर्व विना
20 नवम्बर पूर्व उत्तर

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष

24 नवम्बर पूर्व पश्चिम
25 नवम्बर पश्चिम विना
26 नवम्बर पूर्व विना
27 नवम्बर पूर्व उत्तर
28 नवम्बर पूर्व विना
29 नवम्बर पूर्व दक्षिण
30 नवम्बर पूर्व पश्चिम
1 दिसम्बर पूर्व पश्चिम
2 दिसम्बर पूर्व उत्तर
3 दिसम्बर पश्चिम उत्तर
4 दिसम्बर पूर्व उत्तर
7 दिसम्बर उत्तर विना
10-25 दिन से
8 दिसम्बर पूर्व पश्चिम

पौष कृष्ण पक्ष

9 दिसम्बर पश्चिम विना
2-59 दिन तक
10 दिसम्बर पूर्व विना
5-42 सायं से
11 दिसम्बर पूर्व उत्तर
12 दिसम्बर पूर्व विना
17 दिसम्बर पूर्व विना
18 दिसम्बर पूर्व उत्तर
10-17 दिन तक
21 दिसम्बर उत्तर विना
22 दिसम्बर पूर्व पश्चिम
23 दिसम्बर पश्चिम विना

पौष शुक्ल पक्ष

24 दिसम्बर पूर्व विना
26 दिसम्बर पूर्व विना
27 दिसम्बर पूर्व यात्रा

28 दिसम्बर पूर्व पश्चिम
29 दिसम्बर पूर्व पश्चिम
30 दिसम्बर पूर्व उत्तर
31 दिसम्बर पश्चिम उत्तर
1 जनवरी पूर्व उत्तर
12-48 दिन तक
3 जनवरी पूर्व दक्षिण
4-26 दिन से
4 जनवरी उत्तर विना
5 जनवरी पूर्व पश्चिम

माघ कृष्ण पक्ष

7 जनवरी पूर्व विना
11 जनवरी उत्तर विना
11-50 दिन से
12 जनवरी पूर्व पश्चिम
18 जनवरी उत्तर विना
19 जनवरी पूर्व पश्चिम
20 जनवरी पश्चिम विना
21 जनवरी पूर्व विना

माघ शुक्ल पक्ष

22 जनवरी पूर्व उत्तर
23 जनवरी पश्चिम उत्तर
24 जनवरी पूर्व यात्रा
25 जनवरी पूर्व पश्चिम
26 जनवरी पूर्व पश्चिम
27 जनवरी पूर्व उत्तर
28 जनवरी पूर्व विना
31 जनवरी पूर्व दक्षिण
1 फरवरी उत्तर विना
3 फरवरी पश्चिम विना
4 फरवरी पूर्व विना
5 फरवरी पूर्व उत्तर
12-13 दिन तक

फाल्गुन कृष्ण पक्ष

7 फरवरी पूर्व दक्षिण
5-45 सायं से
8 फरवरी उत्तर विना
9 फरवरी पूर्व पश्चिम
10 फरवरी पश्चिम विना
14 फरवरी पूर्व दक्षिण
15 फरवरी उत्तर विना
16 फरवरी पूर्व पश्चिम
17 फरवरी पश्चिम विना
18 फरवरी पूर्व विना
19 फरवरी पूर्व उत्तर
20 फरवरी पश्चिम उत्तर

फाल्गुन शुक्ल पक्ष

22 फरवरी पूर्व पश्चिम
23 फरवरी पूर्व पश्चिम
24 फरवरी पश्चिम विना
27 फरवरी पूर्व विना
28 फरवरी पूर्व दक्षिण
1 मार्च उत्तर विना
9-51 प्रातः तक
2 मार्च पश्चिम विना
12-43 दिन से
3 मार्च पश्चिम विना
4 मार्च पूर्व विना

चैत्र कृष्ण पक्ष

7 मार्च पूर्व दक्षिण
8 मार्च उत्तर विना
9 मार्च पूर्व पश्चिम
15 मार्च उत्तर विना
16 मार्च पूर्व पश्चिम
17 मार्च पश्चिम विना
18 मार्च पूर्व विना
20 मार्च पश्चिम उत्तर

卐 卐 卐 卐 卐

विक्रमी 2079 के

सर्वार्थ सिद्धि योग

नोट:- सर्वार्थ सिद्धि योग में विवाह, यज्ञोपवीत, गृह प्रवेश, शंकु प्रतिष्ठा, विद्यारम्भ आदि शुभ कार्य न करें। ऐसे शुभ कार्यो की तिथि का चयन सम्बन्धित मुहूर्त प्रकरण से ही करें।

'सर्वार्थसिद्धि योग' में आभूषण लाना, आफिसर से मिलना, चार्ज लेना, भूमि आदि का क्रय, किसी से समझौता करना, परीक्षा देना, फार्म भरना किसी काम्पेटिशन के लिए आवेदन भेजना, यात्रा या मुकद्दमा करना, वाहन व वस्त्र का क्रय करना इत्यादि आवश्यक परिस्थितिवश किये जा सकते हैं। परन्तु विवाह, यज्ञोपवीत, गृह प्रवेश, शंकु प्रतिष्ठा, विद्यारम्भ आदि शुभ कार्यो के लिये सम्बन्धित मुहूर्त प्रकरण से ही मुहूर्तो का चयन करें।

सर्वार्थ सिद्धि योग		सर्वार्थ सिद्धि योग	
आरम्भ काल		समाप्ति काल	
03–अप्रेल	सूर्य उदय	03–अप्रेल	12:37 PM
05–अप्रेल	सूर्य उदय	05–अप्रेल	4:51 PM
06–अप्रेल	सूर्य उदय	06–अप्रेल	7:39 PM
11–अप्रेल	सूर्य उदय	11–अप्रेल	6:51 AM
12–अप्रेल	सूर्य उदय	12–अप्रेल	8:35 AM
29–अप्रेल	सूर्य उदय	29–अप्रेल	6:42 PM
06–मई	9:20 AM	07–मई	सूर्य उदय
08–मई	5:39 AM	08–मई	2:57 PM
16–मई	1:18 PM	17–मई	सूर्य उदय
21–मई	5:30 AM	21–मई	11:46 PM
30–मई	7:12 AM	30–मई	सूर्य उदय
01–जून	सूर्य उदय	01–जून	1:00 PM
02–जून	4:04 PM	03–जून	सूर्य उदय
03–जून	सूर्य उदय	03–जून	7:05 PM
11–जून	सूर्य उदय	12–जून	2:05 AM
13–जून	सूर्य उदय	13–जून	9:24 PM

सर्वार्थ सिद्धि योग आरम्भ काल		सर्वार्थ सिद्धि योग समाप्ति काल	
17-जून	9:56 AM	18-जून	सूर्य उदय
21-जून	सूर्य उदय	22-जून	5:03 AM
24-जून	सूर्य उदय	24-जून	8:04 AM
27-जून	सूर्य उदय	27-जून	4:02 PM
06-जुलाई	11:44 AM	07-जुलाई	सूर्य उदय
09-जुलाई	सूर्य उदय	09-जुलाई	11:25 AM
15-जुलाई	सूर्य उदय	15-जुलाई	5:31 PM
19-जुलाई	सूर्य उदय	19-जुलाई	12:12 PM
21-जुलाई	सूर्य उदय	21-जुलाई	2:17 PM
25-जुलाई	सूर्य उदय	26-जुलाई	1:05 AM
03-अगस्त	सूर्य उदय	03-अगस्त	6:24 PM
20-अगस्त	सूर्य उदय	20-अगस्त	4:39 AM
22-अगस्त	सूर्य उदय	22-अगस्त	7:41 AM
25-अगस्त	सूर्य उदय	25-अगस्त	4:16 PM
11-सितम्बर	8:02 AM	12-सितम्बर	सूर्य उदय
17-सितम्बर	सूर्य उदय	17-सितम्बर	12:21 PM
25-सितम्बर	सूर्य उदय	26-सितम्बर	सूर्य उदय

सर्वार्थ सिद्धि योग आरम्भ काल		सर्वार्थ सिद्धि योग समाप्ति काल	
30-सितम्बर	सूर्य उदय	31-सितम्बर	4:18 AM
02-अक्टूबर	सूर्य उदय	02-अक्टूबर	1:52 AM
09-अक्टूबर	सूर्य उदय	09-अक्टूबर	4:20 PM
11-अक्टूबर	सूर्य उदय	11-अक्टूबर	4:17 PM
23-अक्टूबर	सूर्य उदय	24-अक्टूबर	2:34 PM
27-अक्टूबर	12:10 PM	28-अक्टूबर	सूर्य उदय
28-अक्टूबर	सूर्य उदय	28-अक्टूबर	10:42 AM
30-अक्टूबर	6:48 AM	31-अक्टूबर	सूर्य उदय
09-नवम्बर	सूर्य उदय	10-नवम्बर	3:09 AM
14-नवम्बर	1:15 PM	15-नवम्बर	सूर्य उदय
20-नवम्बर	7:06 AM	21-नवम्बर	सूर्य उदय
24-नवम्बर	7:10 AM	24-नवम्बर	7:37 PM
27-नवम्बर	12:38 PM	28-नवम्बर	सूर्य उदय
28-नवम्बर	10:29 AM	29-नवम्बर	सूर्य उदय
04-दिसम्बर	सूर्य उदय	5-दिसम्बर	7:15 AM
07-दिसम्बर	सूर्य उदय	07-दिसम्बर	10:25 AM
12-दिसम्बर	सूर्य उदय	12-दिसम्बर	11:36 PM

सर्वार्थ सिद्धि योग आरम्भ काल		सर्वार्थ सिद्धि योग समाप्ति काल	
13–दिसम्बर	सूर्य उदय	14–दिसम्बर	2:32 AM
18–दिसम्बर	सूर्य उदय	18–दिसम्बर	10:18 AM
21–दिसम्बर	8:33 AM	22–दिसम्बर	6:33 AM
25–दिसम्बर	7:32 AM	25–दिसम्बर	7:21 PM
26–दिसम्बर	सूर्य उदय	26–दिसम्बर	4:41 PM
30–दिसम्बर	11:24 AM	31–दिसम्बर	सूर्य उदय
01–जनवरी	सूर्य उदय	01–जनवरी	12:48 PM
03–जनवरी	सूर्य उदय	03–जनवरी	4:26 PM
04–जनवरी	सूर्य उदय	04–जनवरी	6:48 PM
08–जनवरी	सूर्य उदय	09–जनवरी	सूर्य उदय
10–जनवरी	सूर्य उदय	10–जनवरी	9:01 AM
18–जनवरी	सूर्य उदय	18–जनवरी	5:22 PM
21–जनवरी	6:29 AM	21–जनवरी	7:33 AM
27–जनवरी	7:30 AM	27–जनवरी	6:36 PM
01–फरवरी	सूर्य उदय	02–फरवरी	3:23 AM
02–फरवरी	6:18 AM	03–फरवरी	सूर्य उदय
03–फरवरी	7:26 AM	04–फरवरी	सूर्य उदय

सर्वार्थ सिद्धि योग आरम्भ काल		सर्वार्थ सिद्धि योग समाप्ति काल	
05–फरवरी	सूर्य उदय	05–फरवरी	12:13 PM
21–फरवरी	6:38 AM	21–फरवरी	7:08 AM
23–फरवरी	7:07 AM	24–फरवरी	3:44 AM
27–फरवरी	7:03 AM	28–फरवरी	सूर्य उदय
01–मार्च	7:00 AM	01–मार्च	9:51 AM
02–मार्च	12:43 PM	03–मार्च	सूर्य उदय
03–मार्च	सूर्य उदय	03–मार्च	3:43 PM
11–मार्च	7:11 AM	12–मार्च	6:47 AM
13–मार्च	8:21 AM	14–मार्च	6:44 AM
18–मार्च	6:39 AM	18–मार्च	12:29 AM

e-matching of Horoscopes
You can avail the facility of Kundli Matching via e-mail. Drop a message at **vijayeshwer@yahoo.com** or **WhatsApp** on **9419146712, 9419136991** with following details:- Date of Birth, Time of Birth & Birth Place of both Boy and Girl, And get the Matching Report on your email.

मेष राशि का मासिक फल

अप्रेलः- इस मास में आप को आराम कम परन्तु संघर्ष अधिक रहेगा। सहयोगी भाग्य वर्धक साबित होंगे, रिश्तेदारों एवं मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग को इस मास में मानसिक अशान्ति के वातावरण में ही गुज़ारना होगा। अप्रेल मास की 12, 19 व 27 तारीख आप के लिये शुभ है।

मईः- इस मास में शरीर स्वस्थ रहेगा। नौकरी पेशा होने पर अफसरों के साथ यह मास शान्त वातावरण में व्यतीत होगा। इस मास में विद्याथियों को चाहिए कि वे विद्या प्राप्ति के लिए सोमवार तथा शनिवार के दिन भगवान् शंकर पर दूध सहित जल चढ़ाया करें। इस मास के शुभ दिन 12,15,29 मई हैं।

जूनः- मास के आरम्भ पर प्रथम भाव में सूर्य व बुध के एक साथ होने से इस मास में आप ग्रहस्थी जीवन सुख व शान्ति से व्यतीत करेंगे। शरीर भी स्वस्थ रहेगा। नौकरी पेशा होने पर अफसरों के साथ यह मास शान्त वातावरण में व्यतीत होगा। इस मास के शुभ दिन 7, 16 व 30 जून हैं।

जुलाईः- इस मास में सूर्य, गुरु तथा बुध की अच्छी स्थिति में होना आप की आर्थिक स्थिति मज़बूत होने का सूचक है। परन्तु केतु व भौम का शुभ घर में होना आप के शरीर के लिए ठीक नहीं है। शरीर सम्बन्धित चिन्ता अचानक आ घेरेगी वह परेशानी घर के किसी सदस्य को भी हो सकती हे। इस मास में अचानक धन लाभ से भी इन्कार भी नहीं किया जा सकता। इस मास के शुभ दिन 7 व 22 जुलाई हैं।

अगस्तः- इस मास के गोचर चक्र के अनुसार अफसरों तथा प्रतिष्ठित लोगों से मिलने जुलने के अवसर मिलेंगे। घर में मंगल कार्य तथा धार्मिक उत्सव रचाने के प्रोग्राम बनेगें या घर में बच्चें का जन्म होगा, ज़मीन दार होने पर भूमि से लाभ मिलगा। अगस्त मास के शुभ दिन 9, 18, 24 व 31 हैं।

सितम्बरः- इस मास की ग्रह स्थिति को अध्यन करने से विद्यित होता है कि यह मास मानसिक अशान्ति तथा परेशानी के वातावरण में ही गुज़रना होगा। इस मास में आपकी आमदनी से अधिक खर्चा होने की सम्भावना हे। शुभ कामों पर धन का आशा से अधिक खर्च, सिनेमा, कल्बों तथा मनोरंजनक स्थलों में भी अधिक धन खर्च होगा। इस मास के शुभ दिन 3 व 25 हैं।

अक्टूबर :- इस मास में ग्रहों की स्थिति प्रायः हानिकारक है। शरीर सुख मध्यम रहेगा। इस मास में शरीर कष्ट की भी सम्भावना है, यदि आप गृहस्थी है तो स्त्री की परेशानी रहेगी, घरेलू वातावरण अशान्त रहेगा, आमदनी की दृष्टि से यह मास अच्छा रहेगा, खर्च का योग भी बलवान् है। खाने पिलाने और पार्टियों में सम्मिलित होने का व्यर्थ खर्च बरदाश्त करना होगा।

नवम्बरः- गोचर फलित शास्त्रों के अनुसार यह मास धन के लिए

हानिकारक है अर्थात् धन प्राप्ति में रुकावट पडने की सम्भावना इस मास में हो सकती है। मास के शुभ दिन 2, 21 व 25 हैं।

दिसम्बरः- मास के आरम्भ की ग्रहस्थिति को देखने से विदित होता है कि यह मास आप के लिए शुभ फल का सूचक है। शरीर सुख उत्तम रहेगा। यदि ग्रहस्थी है तो गृहस्थ पक्ष से मानसिक शान्ति रहेगी। शुभ दिन 2, 19 व 28 दिसम्बर हैं।

जनवरी 2023:- ज्योतिष गोचर में यहीं मालूम होता है कि यह मास भी आपका शान्त वातावरण में ही गुज़रेगा, शरीर सुख उत्तम रहेगा। यदि गृहस्थी है तो गृहस्थ पक्ष से शान्ति का योग है और सन्तान पक्ष से भी मानसिक शान्ति बनी रहेगी। जनवरी मास के शुभ दिन 13 व 24 व 29 हैं।

फरवरीः- इस मास में श्रेष्ठ पुरुषों से मेलमिलाप होगा, यदि आप कोई तामीरी काम करना चाहते है या कोई ज़मीन जाएदाद खरीदना चाहते है तो यह मास एसे कामों के लिए उत्तम है।। विद्यार्थी वर्ग को इस मास में विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता अवश्य मिलेगी। इस मास के शुभ दिन 3 व 28 फरवरी हैं।

मार्चः- यह मास संघर्ष तथा दौडधूप में ही व्यतीत होगा। गृहस्थी होने पर गृहस्थपक्ष से मानसिक अशान्ति भी बनी रहेगी। विद्यार्थी होने पर विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता होगी यदि इस मास में विद्या सम्बन्धित कोई भी यात्रा बने वह यात्रा भी आप के लिए लाभदायक रहेगी। इस मास केशुभ दिन 5, 10, 15, 25 मार्च हैं।

वृष राशि का मासिक फल

अप्रेलः- इस मास धन की परेशानी आप को घेरे रखेगी, शरीर के बारे में सावधान रहिए, गृहस्थी होने पर स्त्री के शरीर का विशेष ध्यान रखिये। नौकरी पेशा होने पर लाभ की अथवा तरक्की की आशा न रखें बल्कि यह मास भी दौडधूप में ही गुज़रेगा।

मईः- ग्रहों की स्थिति को ध्यान में रखकर यह मालूम होता है कि यह मास हर प्रकार से शान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा। प्रायः हर काम में सफलता होगी। यदि इस मास में यात्रा का योग बने तो आप अवश्य यात्रा पर जायें। मास के शुभ दिन 8 व 25 मई हैं।

जूनः- ग्रह चाल के अनुसार इस मास में अचानक लाभ मिलेगा। व्यापारी होने पर इस मास में खरीद आधिक करें, वह खरीद आगे आने वाले मासों में लाभदायक रहेगी। व्यापारी, नौकरी पेशा वर्ग तथा विद्यार्थी वर्ग को इस मास वैष्णव रहना चाहिए।

जुलाईः- यह मास संघर्ष तथा अशान्ति के वातावरण में ही आप को गुज़ारना पडेगा। आपका शरीर भी प्रायः अस्वस्थ रहेगा। भौम तथा बृहस्पति की अच्छी स्थिति न होने की वजह से जाइदाद सम्बन्धित परेशानी की भी सम्भावना है। इस मास के शुभ दिन 2, 15, 19 व 29 जुलाई हैं।

अगस्तः- इस मास के आरम्भ पर सुख और आनन्द की प्राप्त होगी। शरीर भी स्वस्थ रहेगा। आरम्भ किये हुए हर काम

में सफलता होने का योग भी प्रबल है। मास के अन्तिम दो सप्तहों में अत्याधिक खर्च होने की संभावना है। आप के लिए इस मास में यात्रा कष्टदायक रहेगी। इस मास के शुभ दिन 6, 12, 19, व 21अगस्त है।

सितम्बर:- इस मास के गोचर चक्र के अनुसार यह मास सामूहिक रूप से दौडधूप के वातावरण में ही गुज़ारना होगा। आपका शरीर प्रायः अस्वस्थ रहेगा। शनि की अच्छी स्थिति में न होने की वजह से जाईदाद सम्बन्धित परेशानी की भी सम्भावना है। शुभ दिन 3, 11, 17, व 27 सितम्बर हैं।

अक्टूबर:-इस मास में यदि आप कोई तामीरी काम आरम्भ करना चाहते हो तो अवश्य किसी शुभ मुहूर्त को देख कर करें। विद्यार्थी वर्ग को इस मास में पढाई सम्बन्धित हर काम में उलझने तथा रुकावटों के कारण मानसिक अशान्ति बनी रहेगी। इस मास के शुभ दिन 9, 14, व 22 अक्टूबर हैं।

नवम्बर:- फलित शास्त्रों के अनुसार बृहस्पति की अच्छी स्थिति से इस मास में हर आरम्भ किये हुए काम में सफलता मिलेगी। यदि आप विद्यार्थी वर्ग से है तो यह मास आपके लिए वर्ष का सर्वोत्तम मास है। इस मास के शुभ दिन 13 व 27 नवम्बर हैं।

दिसम्बर:- आमदनी की दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा। जिस काम को आप हाथ में लेंगे चाहे वह कितना भी कठिन हो सफलता अवश्य होगी। शरीर सुख उत्तम रहेगा।। घर में कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा अथवा किसी घनिष्ठ सम्बन्धी के शुभ उत्सव में सम्मिलत होने का अवसर मिलेगा।

जनवरी 2023:- यदि आप कोई तामीरी काम करना चाहते हैं तो इस मास में उस तामीर सम्बन्धित कुछ सामान खरीदकर रखें वह आपके लिए शुभ रहेगा। आर्थिक दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा। धार्मिक अथवा सामाजिक कामों मे भी आपकी दिलचस्पी बनी रहेगी। विद्यार्थियों के लिए यह मास विशेष सफलता का नहीं है। इस मास के शुभ दिन 1, 11, 19, 26 व 29 जनवरी 2013 हैं।

फरवरी:- आमदनी की दृष्टि से यह मास भी उत्तम रहेगा। यदि आप कोई वाहन आदि खरीदना चाहते हैं तो यह मास आपके लिए शुभ रहेगा। फरवरी मास के शुभ दिन 9, 18 व 24 हैं।

मार्च:- इस मास के गोचर चक्र के अनुसार अफसरों तथा प्रतिष्ठित लोगों से मिलने जुलने के अवसर मिलेंगे। घर में मंगल कार्य तथा धार्मिक उत्सव रचाने के प्रोग्राम बनेगें।

e-matching of Horoscopes
You can avail the facility of Kundli Matching via e-mail.
Drop a message at **vijayeshwer@yahoo.com**
with following details:-
Date of Birth, Time of Birth & Birth Place. And get the Matching Report on your email.

मिथुन राशि का मासिक फल

अप्रेलः- इस मास की ग्रहों की स्थिति आप के आर्थिक संकट को दूर करने में सहायक सिद्ध हो सकती है। कुछ शुभ और अशुभ योगों से इस मास में अकस्मात् लाभ, मानसिक शान्ति, प्रत्येक आरम्भ किये कार्य में सफलता, मित्रों तथा रिशतेदारों से मेल मिलाप की सम्भावना है।

मईः- हर आरम्भ किये कार्य में सफलता होने का योग है। इस मास में यात्रा भी होगी जो आप के लिए लाभ दायक रहेगी। आमदनी भी इच्छा अनुसार ही बनी रहेगी।

जूनः- इस मास में शत्रुओं से आप को सावधान ही रहना चाहिए। यदि आप विद्यार्थी वर्ग से है तो आपको एक एक क्षण का लाभ उठाना चाहिए। सफलता प्राप्त करने का सर्वोउत्तम मास यहीं है। इस मास के शुभ दिन 1 व 9 जून हैं।

जुलाईः- यह मास अशुभ फलदायक ही सिद्ध होगा। मानसिक अशान्ति के साथ साथ आर्थिक संकट तथा धनहानि होन की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। इस मास के शुभ दिन 4 व 14 जुलाई हैं।

अगस्तः- इस मास में आप का शरीर स्वास्थ रहेगा। गृहस्थी होने पर घरेलू वातावरण भी शान्त रहेगा। यदि आप को मातृपक्ष से कोई परेशानी है तो उपाय के रूप में इस मास हर भौमवार को तहर बनाकर पक्षियों को डाललें परन्तु उस तहर (पीले चावल) में नमक के बदले गुढ या चीनी डालें।

सितम्बरः- सामूहिक रूप से अगर देखा जाये तो आप के लिए यह मास शुभ फलदायक ही रहेगा, अगर माता पिता या स्त्री आदि की शोर सम्बन्धित कोई परेशानी है तो ग्रहों के प्रभाव से एसी समस्याओं का स्वयं समाधान होगा। इस मास के शुभ दिन 7, 15, व 27 सितम्बर हैं।

अक्टूबरः- यदि इस मास में आप कोई तामीरी काम या कोई वाहन, भूमि आदि खरीदनने का प्रोग्राम है तो ऐसे मास में ऐसे कार्यों को स्थगित करके नवम्बर मास में कार्य सम्पन्न कर सकते है। इस मास के शुभ दिन 5, 17, व 30 अक्टूबर हैं।

नवम्बरः- इस मास के गोचर चक्र के अनुसार आप का मन हर समय अशान्त बना रहेगा। यदि इस मास कोई यात्रा का योग व्यापार, विद्या या नौकरी सम्बन्धित बने तो उस यात्रा पर अवश्य जाऐं। जाते समय भगवान् शंकर का ध्यान अवश्य करें। इस मास के शुभ दिन 17, 25 व 29 नवम्बर हैं।

दिसम्बरः- दिसम्बर का यह मास यद्यपि संघष तथा दौडधूप में ही गुज़रेगा परन्तु मान प्रतिष्ठा की रक्षा में बृहस्पति रक्षक रहेगा। यदि आप नौकरी करते हैं तो बुध के प्रभाव से नौकरी में अकस्मात् तर्की का योग बनेगा। इस मास के शुभ दिन 7, 13 व 31 दिसम्बर हैं।

जनवरी 2023:- गोचर फल से विदित होता है कि यह मास सुख शान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा। आय की दृष्टि से यदि इस वर्ष कोई काम नये सिरे से आरम्भ करना हो अथवा कारोबार का बढावा देने का विचार हो तो इस मास को ऐसे कार्य के लिए आप अवश्य चुने। शुभ दिन 5 व 22 जनवरी हैं।

फरवरी:-इस मास के ग्रह अच्छी स्थिति में नहीं हैं परन्तु आय की दृष्टि से इस वर्ष का यह मास एक समरणीय मास होगा। आप काम में जुट जाये, हर काम में आप को सफलता मिलेगी, विशेषतया यदि आप खाद्य पदार्थों, दवाई इत्यादि का व्यापार करते है तो आप शान व मान से सफल होंगे। शुभ दिन 15 व 26 फरवरी हैं।

मार्च:- इस मास के अन्त तक आर्थिक संकट बना रहेगा। अगर आप को जाईदाद सम्बन्धित अथवा माता की ओर से कोई चिन्ता है तो यह चिन्ता मिट जायेगी। यदि आप किसी झगडे में उलझे हैं तो उस का समाधान इस मास में होगा। धार्मिक कामों की और अधिक प्रवृति बनी रहेगी। शुभ कामों पर भी धन खर्च होता रेगा। इस मास के शुभ दिन 1, 3, 7, 14, 27 मार्च हैं।

कर्कट राशि का मासिक फल

अप्रेल:- यद्यपि इस मास की ग्रहचाल गोचर फलित के आधार से अनुकूल है परन्तु शरीर की दृष्टि से यह मास शान्तिप्रद नहीं होगा। यदि दैव योग से आप शरीर की परेशानी से बचे रहेंगे तो भी घर के किसी सदस्य के शरीर की चिन्ता आपको अवश्य घेरे रखेगी। विद्यार्थी वर्ग के लिए इस मास के ग्रह अनुकूल हैं। यदि आपने कोई परीक्षा देनी हो अथवा इन्टरविव आदि में सम्मिलित होना हो तो ऐसे कामों के लिए यह मास सफलता का है।

मई:- इस मास की ग्रह स्थिति भी आप के लिए ठीक नहीं है। शरीर सुख आप का मध्यम रहेगा, इस लिए शरीर के विषय में आप को सावधान ही रहना चाहिए। अचानक चोट लगने की भी सम्भावना है। इस मास के शुभ दिन 3 व 14 मई हैं।

जून:- इस मास में आपके आर्थिक संकट के साथ साथ घरेलू समस्याए दूर होने का उत्तम योग है। यह मास प्रायः शान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा। इस मास में अच्छे पुरूषों से मेल मिलाप होगा। धर्मिक कामों में भी दिलचस्पी बनी रहेगी।

जुलाई:- शरीर सुख मध्यम रहेग, यदि आप गृहस्थी है तो शरीर कष्ट अथवा स्त्री की ओर किसी प्रकार की मानसिक अशान्ति रहेगी, शरीर के विषय में अगर आप उपाय करना चाहें तो तहर पक्षियों कों अवश्य शनिवार को डाला करें। इस

मास के शुभ दिन 1, 7, व 14 जुलाई हैं।

अगस्तः- यह मास यद्यपि संघर्ष तथा दौड़धूप में ही व्यतीत होगा फिर भी यह मास हर काम में सफलता देने वाला होगा। गृहस्थी होने पर गृहस्थपक्ष से मानसिक अशान्ति बनी रहेगी। विद्यार्थी होने पर विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता होगी। यदि इस मास में विद्या सम्बन्धित कोई भी यात्रा बने, वह यात्रा भी आप के लिए लाभदायक रहेगी। शुभ दिन 4, 17, व 24 अगस्त हैं।

सितम्बरः- इस मास में शरीर के विषय में सावधान रहिये, यदि आप विवाहित हैं तो कोई न कोई घरेलू परेशानी घेरे रखेगी। इस मास में धार्मिक कामों में दिलचस्पी बनी रहेगी। विद्यार्थी वर्ग के लिए विद्या सम्बन्धित हर एक काम के लिए लाभदायक रहेगा। इस मास के शुभ दिन 1, 12, 21 व 26 सितम्बर हैं।

अक्टूबरः- इस मास में भी आप की ग्रहचाल में कोई सुधार नही हुआ है। धन की परेशानी आप को घेरे रखेगी, शरीर के बारे में सावधान रहिये, गृहस्थी होने पर स्त्री व बच्चों के शरीर का विशेष ध्यान रखिये। इस मास के शुभ दिन 9, 27 व 30 अक्टूबर हैं।

नवम्बरः- यह मास भी सामूहिक रूप से आप के लिए लाभदायक रहेगा। यदि आप किसी परेशानी या मुक्दमे आदि में फंसे हैं तो ऐसी समस्याओं का हल स्वयं निकल आयेगा, लाभ की दृष्टि से यह मास बहुत ही उत्तम है। इस मास के शुभ दिन 2, 9, 21, 27 व 30 नवम्बर हैं।

दिसम्बरः- इस मास के गोचर चक्र के अनुसार अचानक आर्थिक संकट की संभावना हो सकती है। इस मास आप अपनी पूंजी की रक्षा के विषय में सावधान रहिये, शरीर सुख मध्यम रहेगा। इस मास के शुभ दिन 4, 21 व 29 दिसम्बर हैं।

जनवरीः- इस मास में आपका स्वास्थ कुछ ठीक नहीं रहेगा। गृहस्थ पक्ष से मानसिक अशान्ति बनी रहेगी। आर्थकि दृष्टि से यह मास आप के लिए उत्तम ही है। यदि आप व्यापार करते हैं तो आपके व्यापार में कुछ कठिनाईयों तथा कठोर परिश्रम के पश्चात ही सफलता प्राप्त होगी।

फरवरीः-यदि आप सीमेन्ट अथवा किसी मिशीनरी से सम्बन्धित व्यापार करते हैं तो इस मास से आप के कारोबार का सुनहरी समय आरम्भ होगा और आप का शरीर स्वस्थ तथा मानसिक शान्ति बनी रहेगी। विद्यार्थी वर्ग के लिये यह मास कुछ डावाँडोल ही रहेगा। कडे परिश्रम के पश्चात भी सफलता नहीं मिलेगी। मास के शुभ दिन 11, 21 फरवरी हैं।

मार्चः- फलित शास्त्रों के अनुसार इस मास में शरीर अस्वस्थ, मानसिक अशान्ति, भाई बन्धुओं से अनबन, घरेलू अशान्ति, स्त्री की और से परेशानी व्यापार में हानि आदि का सूचक है। इस साल का सब से मनहूस महीना मानना चाहिए। इस मास के शुभ दिन 2, 6, 9, 19 व 26 मार्च हैं।

सिंह राशि का मासिक फल

अप्रेलः- इस मास में ग्रहों के प्रभाव से अन्तिम दो सप्ताह आप के लिए संघर्ष तथा दौढदूप में ही व्यतीत होगें। इन दो सप्ताहों में आप का शरीर अस्वस्थ व आर्थिक स्थिति कमज़ोर रहने की संभावना है। विद्यार्थी होने पर यह मास आप के लिए विशेष सुख शान्ति का नहीं होगा। अप्रेल मास की 1 व 20 तारीख आप के लिये शुभ है।

मईः- इस मास की ग्रहों की स्थिति आप के आर्थिक संकट को दूर करने में सहायक सिद्ध हो सकती है। कुछ शुभ और अशुभ योगों से इस मास में अकस्मात् लाभ, मानिसक शान्ति, प्रत्येक आरम्भ किये कार्य में सफलता, मित्रों तथा रिशतेदारों से मेल मिलाप की सम्भावना है। 5 व 24 मई आप के लिये शुभ है।

जूनः- इस मास में आपको प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मेल जोल होगा। परन्तु शत्रुओं से आप को सावधान ही रहना चाहिए। यदि आप विद्यार्थी वर्ग से है तो आपको एक एक क्षण का लाभ उठाना चाहिए। सफलता प्राप्त करने का सर्वोत्तम मास यहीं है। इस मास की 7, 12 व 30 जून आप के लिये शुभ है।

जुलाईः- इस मास के आरम्भ की ग्रह स्थिति के अनुसार ग्रहों के प्रभाव से गृहस्थ सुख में वृद्धि, स्त्री पक्ष से मानसिक शान्ति, धन लाभ, भाई बन्धुओं के लाभ में वृद्धि होगी।

अगस्तः- इस मास में आप को आराम कम परन्तु संघर्ष अधिक करना पडेगा। परन्तु ग्रह सहयोगी एवं भाग्य वर्धक सिद्ध होंगे, रिश्तेदारों एवं मित्रों का भी सहयोग आप प्राप्त करेंगे। हर आरम्भ किये कार्य में सफलता होने का योग है। इस मास में यात्रा भी होगी जो आप के लिए लाभ दायक रहेगी।

सितम्बरः-इस मास में भी आमदनी इच्छा अनुसार ही बनी रहेगी। विद्यर्थियों को चाहिए कि वह इस मास में परिश्रम करें ताकि आशा से अधिक सफलता प्राप्त कर सकें। इस मास की 2, 16 व 23 सितम्बर आप के लिये शुभ है।

अक्टूबरः- इस मास के गोचर चक्र के अनुसार अचानक आर्थिक संकट की संभावना हो सकती है। आप अपनी पूंजी की रक्षा के विषय में सावधान रहिये, शरीर सुख मध्यम रहेगा। विद्यार्थियों के लिए भी यह मास कडे संघर्ष का होगा। इस मास की 7, 14 व 29 अक्टूबर आप के लिये शुभ है।

नवम्बरः- इस मास की ग्रहों की स्थिति के अनुसार प्रत्येक आरम्भ किये कार्य में सफलता, होगी। नौकरी तथा व्यापारी वर्ग होने पर प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मेल जोल होगा। परन्तु शत्रुओं से आप को सावधान ही रहना चाहिए। यदि यात्रा का योग इस मास में बनें तो अवश्य जायें, यदि आप विद्यार्थी वर्ग से हैं तो आपको एक एक क्षण का लाभ उठाना चाहिए। सफलता प्राप्त करने का यह सर्वोत्तम मास है। 3 व 27 नवम्बर आप के लिए शुभ है।

दिसम्बरः- गोचर चक्र के अनुसार यह आप के लिए दौडधूप और परेशानी के माहोल में गुज़रेगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई की ओर दिलचसपी मास भर कम रहेगी, उसी अन्दाज़े से अपनी सफलता भी समझें। 13 व 25 दिसम्बर आप के लिए शुभ है।

जनवरी 2023:- मास के आरम्भ की ग्रहस्थिति को देखने से विदित होता है कि यह मास आप के लिए शुभ फल का सूचक है। शरीर सुख उत्तम रहेगा। यदि ग्रहस्थी है तो गृहस्थ पक्ष से मानसिक शान्ति रहेगी। 9 व 21 जनवरी आप के लिए शुभ दिन है।

फरवरीः- मास के आरम्भ की ग्रह स्थिति को दृष्टि को ध्यान में रखते हुये ज्योतिष गोचर में यहीं मालूम होता है कि यह मास भी आपका शान्त वातावरण में ही गुज़रेगा, शरीर सुख उत्तम रहेगा। यदि गृहस्थी है तो गृहस्थ पक्ष से शान्ति का योग है और सन्तान पक्ष से भी मानसिक शान्ति बनी रहेगी। फरवरी मास के शुभ दिन 1, 12 व 25 हैं।

मार्चः- इस मास में श्रेष्ठ पुरुषों से मेलमिलाप होगा, यदि आप कोई तामीरी काम करना चाहते है या कोई ज़मीन जाएदाद खरीदना चाहते है तो यह मास एसे कामों के लिए उत्तम है।। नौकरी पेशा होने पर लाभ अथवा तरक्की की आशा सुदृढ़ होगी। व्यापारी होने पर व्यापार से भी अक्समात् लाभ रहेगा। विद्यार्थी वर्ग को इस मास में विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता अवश्य मिलेगी। इस मास के शुभ दिन 8 व 28 मार्च हैं।

कन्या राशि का मासिक फल

अप्रेलः- यह मास संघर्ष तथा दौडधूप में ही व्यतीत होगा। गृहस्थी होने पर गृहस्थपक्ष से मानसिक अशान्ति भी बनी रहेगी। विद्यार्थी होने पर विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता होगी यदि इस मास में विद्या सम्बन्धित कोई भी यात्रा बने वह यात्रा भी आप के लिए लाभदायक रहेगी। इस मास के शुभ दिन 9, 21 अप्रेल हैं।

मईः- इस मास के गोचर चक्र के अनुसार घर में हर प्रकार से शान्त वातावरण बना रहेगा। कारोबार, आमदनी आदि की दृष्टि से यह मास आप के लिए उत्तम रहेगा। यदि आप नौकरी करते हैं तो यह मास आप के लिए आदर व मान का है।

जूनः- यदि आप व्यापारी हैं तो इस मास की ग्रह स्थिति को आप अपने विपरीत ही मानिये। अचानक हानि की सम्भावना है, खर्च के नये नये साधन निकल आयेंगे, शुत्रओं से भी आप को सावधान रहना चाहिए। इस मास के शुभ दिन 7, 9 व 25 जून हैं।

जुलाईः- ग्रहों की दृष्टि तथा उनकी स्थिती को ध्यान में रखकर यही मालूम होता है कि यह जुलाई मास शान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा, प्रायः हर काम में सफलता होगी। गृहस्थी होने पर स्त्री की ओर से सुख तथा शान्ति मिलेगी। बडों से मेल जोल के अवसर मिलेगें। इस मास के शुभ दिन 2, 8 व 19 जुलाई हैं।

अगस्तः- अपने शरीर के विषय में आप को विशेष ध्यान रखना चाहिए। विद्यार्थियों के लिए यह मास भी परेशानी तथा दौड़धूप का ही रहेगा। परन्तु यदि कोई इन्टरव्यू या परीक्षा देनी हो अथवा कोई परिणाम निकलने वाला हो तो उसमें अवश्य सफलता मिलेगी।

सितम्बरः- यद्यपि इस मास के आरम्भ में ग्रहों की स्थिति ठीक नहीं है जिस के प्रभाव से 15 सितम्बर 2022 तक यह मास परेशानी के वातावरण में ही गुज़रेगा, जो कार्य आप हाथ में लेंगे हर प्रकार से उल्टा पडेगा, कोई भी काम उलझन के बिना सिद्ध नहीं होगा। इस मास के शुभ दिन 4 व 21 सितम्बर हैं।

अक्टूबरः- ग्रहों की स्थिति का विचार करने से यह ज्ञात होता है कि इस मास में कडे संघर्ष के पश्चात् ही सफलता मिलेगी। बुरी संगति में पड़ने, शरीर बिगड़ने की सम्भावना से इन्कार नही किया जा सकता है।

नवम्बरः- यह मास आप के लिए हर प्रकार से शुभ फलदायक रहेगा। शरीर सुख उत्तम रहेगा, इस मास के सभी दिन सुख शान्ति के वातावरण में व्यतीत होगें, घर में प्रायः खाने पीने, खिलाने के कार्यक्रम बनते रहेंगे, भाई-बन्धुओं, मित्रों, रिश्तेदारों के आने में वृद्धि होगी। सम्भव है अचानक कुछ धन लाभ भी मिले। व्यापारी होने पर लाभ में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों के लिए यह मास विद्या सम्बन्धित हर काम के लिए लाभदायक होगा। इस मास के शुभ दिन 2, 13, व 27 नवम्बर हैं।

दिसम्बरः- इस मास की ग्रह स्थिति को विचार कर यह ज्ञात हो[ता] है कि शारिरिक दृष्टि से आप अस्वस्थ रहेंगे यदि आप गाड़ी आ[दि] खुद चलाते है तो मंगलवार या पंचक में दक्षिण दिशा की अ[ोर] यात्रा पर न जायें, अकस्मात् चोट लगने का अन्देशा है। उपाय [के] रूप में इस मास की मंगलवार को पीले चावल (तहर) बना[कर] पक्षियों को डालें।

जनवरी 2023 :- इस मास में ग्रहों की स्थिति अच्छी है। ध[न] लाभ अर्थात आर्थिक स्थिति उत्तम रहेगी। व्यापारी व विद्या[र्थी] वर्ग के लिए यह मास उत्तम रहेगा इस मास के शुभ दिन 1, [...] जनवरी हैं।

फरवरीः- यह मास भी सामूहिक रूप से सुख शान्ति [के] वातावरण में ही गुज़रेगा। शरीर सुख उत्तम रहेगा, आर्थिक स्थि[ति] में सुधार होगा। आदर व मान में वृद्धि होगी, प्रायः हर आरम्[भ] किये हुये कार्य में सफलता होगी। मास के शुभ दिन 4 व 2[...] फरवरी हैं।

मार्चः- 14 मार्च 2023 ईस्वी को मीन में सूर्य के प्रवेश से आ[प] की आर्थिक स्थिति को और सुदृढ तथा हर प्रकार की रुकावटों को दूर करने में सहायक रहेगा। इस मास में हर आरम्भ किय[े] काम का परिणाम लाभदायक सिद्ध होगा। शुभ कामों पर खर्च करने की योजनए बनेगी। गृहस्थी होने पर गृहस्थ पक्ष से हर प्रकार से शान्ति रहेगी। इस मास के किसी भी शनिवार को कोई शुभ

काम आरम्भ न करें। इस मास के शुभ दिन 9 व 29 मार्च हैं।

तुला राशि का मासिक फल

अप्रेलः- मासिक फलादेश के अनुसार यह मास अशुभ फलदायक ही सिद्ध होगा। मानसिक अशान्ति के साथ-साथ आर्थिक संकट तथा धनहानि होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। विद्यार्थी होने पर विद्या में सफलता भी मध्यम ही मिलेगी। इस मास के शुभ दिन 3, 28 अप्रेल हैं।

मईः- इस मास के आरम्भ की ग्रह स्थिति आप के पक्ष में नहीं है। अतः आप को हर समय सावधान रहने की अवश्यकता है। भौम की अच्छी स्थिति में न होने की वजह से वह आप के शरीर को प्रभावित कर सकता है। चोट लगने का भय भी रहेगा।

जूनः- सामूहिक रूप से अगर देखा जाये तो आप के लिए यह मास शुभ फलदायक ही रहेगा, अगर माता पिता या स्त्री आदि की शरीर सम्बन्धित कोई परेशानी है तो ग्रहों के प्रभाव से एसी समस्याओं का स्वयं समाधान इस मास में अवश्य होगा।

जुलाईः- यदि इस मास में आप को कोई तामीरी काम या कोई वाहन आदि खरीदने का प्रोग्राम है तो जुलाई मास में ऐसे कार्यों को स्थगित करके अक्टूबर या नवरात्रों में ऐसे कार्य सम्पन्न कर सकते है। विद्यार्थी या नौकरी पेशा वर्ग से सम्बन्धित जातकों को चाहिए कि वह किसी गरीब या किसी ज़रूरत मंद की मद्द करें, तो उन्हे सफलता हर क्षेत्र में प्राप्त होगी।

अगस्तः- यद्यपि इस मास के ग्रहों की स्थिति अच्छी है फिर भी मानसिक अशान्ति बनी रहेगी। यदि आप व्यापारी वर्ग से हैं तो इस मास में आप को आर्थिक संकटों का सामना करना पडेगा। परन्तु विद्यार्थी वर्ग के लिए इस मास का अन्तिम सप्ताह महत्त्वपूर्ण है। यदि आप किसी इन्ट्रव्यू या परीक्षा में बैठने जा रहें तो सफलता मिलेगी। इस मास के शुभ दिन 13, 20 व 25 अगस्त हैं।

सितम्बरः- इस मास में आप का शरीर स्वस्थ रहेगा। गृहस्थी होने पर घरेलू वातावरण भी शान्त रहेगा। पुत्रपक्ष से शान्ति बनी रहेगी, सन्तानपक्ष सम्बन्धित अगर कोई परेशानी है तो हर एक परेशानी एवं समस्या का समाधान निकल आयेगा।

अक्टूबरः- इस मास की ग्रह स्थिति पर विचार करने से मालूम होता है कि यह मास सुख शान्ति के वातावरण में ही व्यतीत होगा। गृहस्थ पक्ष से भी आपको शान्ति का वातावरण अनुभव होगा। विद्यार्थी वर्ग के लिए यह मास हर प्रकार से सुख शान्ति का है। जिस किसी कार्य में आप का हाथ होगा सफलता अवश्य होगी। पाठ-पठन की प्रवृत्ति में वृद्धि होगी।

नवम्बरः- यदि आप को सन्तान या मातृपक्ष से कोई परेशानी है तो उपाय के रूप में इस मास हर भौमवार व शनिवार को तहर बनाकर पक्षियों को डाललें परन्तु तहर (पीले चावल) में नमक के बदले गुढ या चीनी डालें। व्यापारी वर्ग के लिए यह मास

अधिक से अधिक दौडधूप तथा संघर्ष का होगा।

दिसम्बरः- इस मास में खर्च का योग भी बलवान है। खर्च प्रायः शुभ कार्यों पर ही होगा। घर में कोई मंगल कार्य रचाने का प्रोग्राम बनेगा। आय की दृष्टि से भी यह मास उत्तम रहेगा। यदि आप को अपने व्यापार को बढावा देने का प्रोग्राम है या कोई नया काम आरम्भ करना चाहते है तो एसा प्रोग्राम इस मास में बनाना हानिकारक सिद्ध होगा।

जनवरी 2023:- इस मास के प्रायः सभी ग्रह आप के अनुकूल है। अगर आप को अपने दुर्भाग्य से किसी नशीली वस्तु के प्रयोग करने की बुरी आदत पडी है, हो सके तो इस मास की भौमवार, बृहस्पतिवार और शनिवार को कदापि सेवन न करें। आय की दृष्टि आप के लिए इस वर्ष का यह मास एक समृणीय मास होगा। इस मास के शुभ दिन 9 व 25 जनवरी हैं।

फरवरीः- माता-पिता के आशिर्वाद से हर क्षेत्र में सफलता अवश्य मिलेगी। यदि आप विद्यार्थी है तो विद्या के हर क्षेत्र में सफलता मिलेगी परन्तु इच्छा अनुसार सफलता प्राप्त करने के लिए आप को हर सोमवार भगवान् शंकर का ध्यान प्रातः काल करना चाहिए। इस मास के शुभ दिन 3 व 21 फरवरी हैं।

मार्चः-इस मास में शरीर सुख आप का मध्यम रहेगा, इस लिए शरीर के विषय में आप को सावधान ही रहना चाहिए। अचानक चोट लगने की भी सम्भावना है।

Need of Customs ?

Almost all the races in all the countries of the world follow some kinds of customs and consecrations. Kashmiri Pandit is known in the World as a community of customs and consecrations. Our religious scriptures especially Kalhan's Rajtarangini and Nilmatpuran, which had been written in ancient times, show the greatness of our customs & other rituals. Customs and consecrations are necessary for a person to have a status in the society. In fact, a baby is not accepted in the society until and unless, consecrations (Sanaskar) for him have been carried out after his birth. All the babies are born with similar features but it is customs and consecrations that differentiate them into distinct human beings with a prominent religious and social label.

According to the Meemansa Darshankar:

कर्मबीजं संस्कारः

Sanskar is the seed of action.

वश्चिक राशि का मासिक फल

अप्रेल :- इस मास में शरीर के विषय में सावधान रहिये, यदि आप विवाहित हैं तो कोई न कोई घरेलू परेशानी घेरे रखेगी। यदि आप व्यापार से सम्बन्धित हैं तो अकस्मात् हानि की सम्भावना है, नौकरी पेशा होने पर आफीसरों से अनबन होने के कारण उन्नति में अड़चन पड़ सकती है। विद्यार्थी वर्ग के लिए विद्या सम्बन्धित हर एक काम के लिए लाभदायक रहेगा। अप्रेल मास की 3, 17 व 27 तारीख आप के लिये शुभ है।

मई:- इस मास में भी आप की ग्रहचाल में कोई सुधार नही हुआ है। धन की परेशानी आप को घेरे रखेगी, शरीर के बारे में सावधान रहिये, गृहस्थी होने पर स्त्री या पति के शरीर का विशेष ध्यान रखिये, ससुराल की तरफ से भी परेशान होने की संभावना है, नौकरी पेशा होने पर लाभ की अथवा तरक्की की आशा न रखें। यदि 5 मई 2022 के बाद यात्रा का योग बने तो आप अवश्य उस यात्रा पर जायें उस में अचानक लाभ मिलेगा। 7, 18 व 19 मई की तारीखे आप के लिये शुभ है।

जून:- इस मास के अन्तिम सप्ताह आप के लिये लाभदायक रहेगे। राज्य अर्थात् राजकीय वर्ग से लाभ, सरकारी कार्यों को सम्पन्न करने में सफलता समाज में ऊचे वर्ग के लोगों से परिचय तथा घनिष्ठता व विवाद में विजय तथा शत्रुओं को पराजित करने में सफलता मिलेगी। इस मास 3, 5 व 13 जून को यात्रा न करें।

जुलाई:- इस मास में शुक्र का प्राभाव आप पर अधिक रहेगा। यदि आप नौकरी करते हैं, तो तबदीली का योग बनेगा जो इच्छानुसार नही होगी। यदि तबदीली न भी हुई तो भी यह मास संघर्ष, दौडधूप और परेशानी के माहोल में गुज़रेगा। ऐसे ही भौम की स्थिति भी आप को शान्ति का दम लेने नही देगी। कोई भी काम विना रुकावट के हल नहीं होगा। यदि यात्रा का योग बने तो यात्रा में अवश्य लाभ होगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई की ओर दिलचस्पी कम रहेगी, ईश्वर का कृपा पात्र बन जाने के लिए शनिवार को किसी अपाहिज की सहायता करें।

अगस्त:- मास की ग्रह स्थिति को विचार कर यह कहा जा सकता है कि यह मास आप के भविष्य की सुख शान्ति की तरफ इशारा करता है। आप जो काम हाथ में लेंगें सफलता निश्चित है, परिवार तथा धन की दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा, शुभ कामों पर धन सार्थक खर्च होगा। मान व प्रतिष्ठा से भी यह मास मध्यम है। विद्यार्थी होने पर विद्या सम्बन्धित हर कार्य में सफलता मिलेगी।

सितम्बर:- इस मास में ग्रहों की दृष्टि को ध्यान में रखते हुये ज्योतिष गोचर में यही मालूम होता है कि आपका यह मास शान्त वातावरण में ही गुज़रेगा। व्यापारी होने पर व्यापार से भी अकस्मात् लाभ रहेगा, खरीद फरोखत दोनो का धन्धा सन्तोषजनक रूप में चलेगा यदि आप के जीवन निर्वाह का साधन

भूमि, *electronics* वस्तुऐं है तो अवश्य लाभ मिलेगा। विद्यार्थी होने पर विद्या सम्बन्धित हर कार्य में सफलता होगी, यदि आप को ट्रेनिंग आदि करने की योजना है तो इस मास में ड़ट कर परिश्रम कीजिए, इस मास की शुभ तिथियाँ यूँ हैं 5 व 18 सितम्बर।

अक्टूबरः- इस मास में धार्मिक कामों में दिलचस्पी बनी रहेगी। यह मास यद्यपि दौडधूप तथा संघर्ष में ही गुज़रेगा परन्तु हर काम में सफलता होगी, खाने खिलाने तथा धन का व्यय अधिक मात्रा में होगा, रिश्तेदारों तथा मित्रों से मेलमिलाप में वृद्धि होगी, व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ मिलेगा। विद्यार्थियो के लिए यह मास विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता देने वाला होगा। अक्टूबर मास की 7, 12 व 27 तारीख आप के लिये शुभ है।

नवम्बरः- सूर्य की दृष्टि से शत्रु सम्बन्धी गुप्त परेशानियाँ बढ़ेगी। बृहस्पति व भौम की अच्छी स्थिति में होने से दौड़धूप तथा संघर्ष होने पर भी हर काम में सफलता होगी। कोई तामीरी काम आरम्भ करना हो अथवा गाडी आदि फरोखत करनी हो उस दृष्टि से 8, 17 व 18 नवम्बर 2022 पर ही एसे कार्य करें।

दिसम्बरः- इस मास में आप के रुके काम बिना किसी उलझन के सुलझ जायेगें, घर में किसी शुभ काम के रचाने का प्रोग्राम बनेगा। इस मास में आपकी सामाजिक कामों में रुचि बढ़ेंगी, पूजापाठ में भी अच्छा मन लगेगा। विद्यार्थी वर्ग के लिए चेतावनी है कि वह परिश्रम करें अन्यथा परिणाम उनके विपरीत होंगे।

जनवरी 2023:- मास चक्र में सूर्य, बुध प्रथम, शुक्र द्वितीय भाव में होने से वह शरीर कष्ट का सूचक है। यदि आप विवाहित हैं तो स्त्री की ओर से परेशानी बनी रहेगी। परिवार का वातावरण भी अशान्त ही रहेगा। 7, 19 व 28 जनवरी 2023 इस मास के शुभ दिन है।

फरवरीः- इस मास की ग्रहों की स्थिति आप के आर्थिक संकट को दूर करने में सहायक सिद्ध हो गी। कुछ शुभ तथा शुभ योगों से इस मास में अकस्मात् लाभ, मानसिक शान्ति, प्रत्येक आरम्भ किये कार्य में सफलता, मित्रों तथा रिश्तेदारों से मेल मिलाप की सम्भावना है। नौकरी तथा व्यापारी वर्ग होने पर प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मेल जोल होगा। यदि आप विद्यार्थी वर्ग से हैं तो आपको एक एक क्षण का लाभ उठाना चाहिए। सफलता प्राप्त करने का यह सर्वोत्तम मास है।

मार्चः- नौकरी तथा व्यापारी वर्ग को इस मास में शत्रुओं से परेशानी ही होगी। यदि आप किसी झगडे में उलझें हैं तो उस में आप की हार होगी। यदि आप का कोई तरक्की आदि का केस विचाराधीन है तो वह भी ज्यूं का त्यों लटकता रहेगा, यदि आप विवाहित है तो स्त्री के स्वास्थ्य का ख्याल अवश्य रखें।

धनु राशि का मासिक फल

अप्रेलः- गोचर चक्र के अनुसार घर में हर प्रकार से शान्त वातावरण बना रहेगा। कारोबार, आमदनी आदि की दृष्टि से यह मास आप के लिए उत्तम रहेगा। विद्यार्थी वर्ग के लिए यह मास परेशानी का रहेगा। 5 व 18 अप्रेल इस मास के शुभ दिन है।

मईः- इस मास में आप अपने शरीर के विषय में आप को विशेष ध्यान रखें। विद्यार्थियों के लिए यह मास भी परेशानी तथा दौड़धूप का ही रहेगा। आपने यदि कोई इन्टरव्यू या परीक्षा देनी हो अथवा कोई परिणाम निकलनेवाला हो तो उसमें अवश्य सफलता मिलेगी। इस मास की शुभ तिथियाँ यूँ हैं 1 व 19 मई।

जूनः- ग्रहों की दृष्टि तथा उनकी स्थिति को ध्यान में रखकर यही मालूम होता है यह मास शान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा, प्रायः हर काम में सफलता होगी। गृहस्थी होने पर स्त्री की ओर से सुख तथा शान्ति मिलेगी। नौकरी पेशा होने परअफसरों तथा सम्बन्धित कार्यकर्ताओं से मेल जोल का वातावरण बना रहेगा। व्यापारी होने पर आप इस मास में डट के काम में लगें रहिये, आशा से अधिक लाभ मिलेगा।

जुलाईः- यद्यपि इस मास के आरम्भ में ग्रहों की स्थिति ठीक नहीं है जिस के प्रभाव से 18 जुलाई तक यह मास परेशानी के वातावरण में ही गुज़रेगा, कोई भी काम उलझन के बिना सिद्ध नहीं होगा। पहले 18 दिन व्यतीत होने पर अकस्मात् लाभ के द्वार खुलेंगे। यदि आप व्यापार करते हैं तो हर काम में सफलता होगी। विद्यार्थी वर्ग के लिए भी आरम्भ के लगबग 18 दिन दौड़धूप में ही गुज़रेंगे परन्तु मास के दूसरे भाग में विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता होगी। 4 व 16 जुलाई इस मास के शुभ दिन हैं।

अगस्तः- अगर आप नौकरी अथवा व्यापारी वर्ग से सम्बन्धित हैं तो इस मास में कोई ऐसी उलझन आ घेरेगी जो आप की मानप्रतिष्ठा के लिए ठीक नही होगी। विद्यार्थी होने पर विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता निश्चित है, यदि आप नौकरी की तलाश में हैं तो इस मास में ज़रा सी दौड़धूप करने से सफलता आप के पक्ष में होगी। शुभ दिन 16 व 29 अगस्त है।

सितम्बरः- यह मास आप के लिए हर प्रकार से शुभ फलदायक होगा। शरीर सुख उत्तम रहेगा, इस मास के सभी दिन सुख शान्ति के वातावरण में व्यतीत होगें, घर में प्रायः खाने पीने, खिलाने के प्रग्राम बनते रहेंगे, भाई बन्धुओं मित्रों, रिश्तेदारों के आने में वृद्धि होगी। इस मास के शुभ दिन 1 व 24 सितम्बर है।

अक्टूबरः- इस मास की ग्रह स्थिति को विचार कर यह ज्ञात होता है कि इस मास में शरीर के विषय में सावधान रहिए, यदि आप गाड़ी आदि खुद चलाते है तो मंगलवार को दक्षिण दिशा की ओर लम्बी यात्रा पर न जायें, अक्समात् चोट लगने का अन्देशा है। उपाय के रूप में इस मास की मंगलवार को पीले चावल तहॅर

बनाकर पक्षियों को डालें। शुभ दिन 7, 19 व 28 अक्टूबर हैं।

नवम्बर:- फलित गोचर के आधार से मालूम पडता है कि यह मास संघर्ष, दौड़धूप तथा मानसिक अशान्ति के वातावरण में ही व्यतीत होगा। परन्तु धन लाभ अर्थात आर्थिक स्थिति उत्तम रहेगी। व्यापारी वर्ग तथा नौकरी पेशा वर्ग के लिए यह मास उत्तम रहेगा। घर में किसी सदस्य के शरीर की परेशानी बनी रह सकती है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे विद्या प्राप्ति के लिए सोमवार के दिन भगवान् शंकर पर दूध सहित जल चढ़ाया करें। इस मास के शुभ दिन 1,4, 16 व 29 नवम्बर है।

दिसम्बर:- इस मास में आप की आर्थिक स्थिति को और सुदृढ तथा हर प्रकार की रुकावटों को दूर करने में शुक्र ग्रह सहायक रहेगा। इस मास में हर आरम्भ किये काम का परिणाम लाभदायक होगा। शुभ कामों पर खर्च करने की योजना बनेगी। गृहस्थी होने पर गृहस्थ पक्ष से हर प्रकार से शान्ति रहेगी। तामीरी काम, वाहन अथवा ज़मीन की खरीद पर धन खर्च करना हो तो इस मास की बुधवार तथा शुक्रवार ही इन कार्यों के लिए चुनें। इस मास के शुभ दिन 5,9, 12 व 26 दिसम्बर हैं।

जनवरी 2023:- यह मास सामूहिक रूप से सुख शान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा। शरीर सुख उत्तम रहेगा, आर्थिक स्थिति सुदृढ रहेगी। आदर व मान में वृद्धि होगी, प्रायः हर आरम्भ किये हुये कार्य में सफलता होगी। किसी झगडें अथवा उलझन में आप के फंसे रहने की सम्भावना है, परन्तु इस मास के अन्त तक हर झगडे तथा हर उलझन का समाधान शान्त वातावरण में ही होगा। इस मास के शुभ दिन 8,9, 24 व 31 जनवरी हैं।

फरवरी:- इस मास के आरम्भ की ग्रह स्थिति आप के पक्ष में नहीं है। अतः आप को हर समय सावधान रहने की आवश्यकता है। भौम की अच्छी स्थिति में न होने की वजह से वह आप के शरीर को प्रभावित कर सकता है। मास के अन्त में यदि यात्रा का योग बने तो वह आप के लिए लाभदायक रहेगी। विद्यार्थी वर्ग के लिए यह मास कडे संघर्ष का होगा। शुभ दिन 1, 27 फरवरी।

मार्च:- यद्यपि इस मास के ग्रहों की स्थिति अच्छी है फिर भी मानसिक अशान्ति बनी रहेगी। चन्द्रमा की अच्छी स्थिति में न होने से मानसिक अशान्ति के साथ साथ परिवार में झगडा, प्रायः हर कार्य में असफलता आदि का सूचक है। यदि आप नौकरी वर्ग से है तो दफतर का माहौल आप के प्रतिकूल ही होगा। इस मास के शुभ दिन 4, 17 व 29 मार्च हैं।

ॐ नमो प्रीं पीताम्बराय नमः

धनु राशि वाले जातक ग्रहों के कुप्रभाव को कम करने के लिये नित्य प्रातः 108 बार इस मन्त्र का जप किया करें, श्रयेस्कर रहेगा।

मकर राशि का मासिक फल

अप्रेलः- इस मास के आरम्भ पर ग्रहों की स्थिति अच्छी है। केवल भौम के बारहवें भाव में होने से आप का शरीर अस्वस्थ रहेगा, अचानक चोट लगने का खतरा है, यदि आप का शरीर स्वस्थ रहेगा फिर भी स्त्रीपक्ष से आप परेशान रहेंगे। आर्थिक दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा। धार्मिक अथवा सामाजिक कामों से आप की दिलचस्पी बनी रहेगी। विद्यार्थियों के लिए यह मास विशेष सफलता का नही है। शुभ दिन 3, 11 व 29 अप्रेल हैं।

मईः- मास के आरम्भ में भौम और शुक्र की स्थिति अच्छी नही है। यह मास संघर्ष के वातावरण में ही गुज़रेगा। शरीर का स्वामी बुध अच्छी स्थिति में हैं अतः शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा। आर्थिक दृष्टि से यह मास आप के लिए डावाँडोल स्थितिवाला ही रहेगा। विद्या सम्बन्धित हर आरम्भ किये हुये काम में सफलता निश्चित है। यदि आप ने कोई परीक्षा दी है अथवा कोई इन्टरविव आदि देना है, उस में सफलता होगी। इस मास के शुभ दिन 6, 18 व 22 मई हैं।

जूनः- इस मास के आरम्भ में केवल दो ग्रह आप के हित में हैं। शेष सभी गहों का शुभ होना अशान्ति का सूचक है। इस कारण यह मास गत मास की तरह ही गुज़रेगा इस मास के शुभ दिन 7, 14 व 20 जून हैं।।

जुलाईः- इस मास के शुभ और शुभ ग्रहों को देखते हुए विदित होता है कि यह महीना कुछ कुछ शन्ति के ही माहोल में गुज़रेगा, आपकी आमदनी में वृद्धि न होने पर भी आप कुछ शान्ति अनुभव करोगे। फज़ूल खरची में बहुत अन्तर आएगा। यदि कोई तामीरी काम करना चाहते हैं तो इस मास में न करें।

अगस्तः- इस मास के ग्रहों से लाभ उठाएं आप जो भी काम करते हैं उसमें जुट जाएं, सफलता अवश्य मिलेगी। विद्यार्थी वर्ग के लिए यह मास सन्तोष जनक नही है। पढ़ाई की ओर अल्प प्रवृति रहेगी। इस मास के शुभ दिन 6 व 20 अगस्त हैं।

सितम्बरः-इस मास में आरम्भ किया हुआ तामीरी काम बहुत देर तक लटकता रहेगा। यदि आप किसी लडके अथवा लडकी का विवाह सम्बन्ध निश्चित करने का प्रयत्न कर रहें हैं तो इस मास में न करें, यदि यात्रा का योग बने तो वह यात्रा आप के लिए लाभदायक रहेगी। शुभ दिन 2, 9 व 28 सितम्बर हैं।

अक्टूबरः- आप के लिए कोई चमत्कारिक मास नहीं है। अपितु सर्वसाधरण रूप से यह मास भी चलता रहेग। इस मास का अधिक भाग रिश्तेदारों, भाई बन्धुओं तथा मित्रों के मेल मिलाप में ही व्यतीत होगा। शुभ दिन 6 व 24 अक्टूबर हैं।

नवम्बरः- यह मास सामान्यतया शुभ ही रहेगा। आपकी

आथिक स्थिति भी मज़बूत बनेगी। परन्तु शत्रुओं का ज़ोर तथा उनमें वृद्धि, कोई भी रोग लगने का भय रहने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। इस मास के शुभ दिन 5, 10, 17 व 29 नवम्बर हैं।

दिसम्बरः- सूर्य, भौम तथा बुध की स्थिति भी अच्छी है जिस के प्रभाव से यह मास हर प्रकार से लाभदायक तथा सफलता देने वाला रहेगा। शुभ दिन 3, 9, 15, 19 व 27 दिसम्बर हैं।

जनवरीः- यदि आप व्यापार करते हैं तो आप के लिए ग्रह अनुकूल हैं। आप को इस मास में आशा से अधिक आर्थिक सफलता मिलेगी। यदि आप नौकरी की तलाश में हैं तो इस मास में सफलता अवश्य मिलेगी। धार्मिक कार्यों में धन खर्च होने का भी योग है। शुभ दिन 1 व 18 जनवरी हैं।

फरवरीः- इस मास के आरम्भ की ग्रह स्थिति को विचार कर के यह ज्ञात होता है कि यह मास आप के लिए कोई शुभ फलदायक नहीं है। इस मास के शुभ दिन 10, 11, 17, 23 फरवरी हैं।

मार्चः- इस मास में आपके खर्च का योग बलवान है। परन्तु खर्च प्रायः शुभ कामों पर ही होगा, भाई बन्धुओं व रिश्तेदारों से मिलने जुलने का सुअवसर मिलेगा, व्यापारी वर्ग भी लाभ में रहेगा अथवा उन के काम को लाभ के साथ साथ कारोबार को भी बढावा मिलेगा। शुभ दिन 11 व 19 मार्च हैं।

कुम्भ राशि का मासिक फल

अप्रेलः- मास के आरम्भ की ग्रह स्थिति से मालूम होता है कि इस मास में आप की सभी इच्छायें पूर्ण होने का योग है। इस मास में आपका स्वास्थ भी ठीक रहेगा। मित्रों से मेलजोल बढ़ने का भी योग है। नौकरी पेशा के लिए यह मास सफलता का ही है। इस मास के शुभ दिन 12, 18, 19 अप्रेल हैं।

मईः- ग्रहों की स्थिति को ध्यान में रखकर यही मालूम होता है कि यह मास भी हर प्रकार से शन्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा, प्रायः हर काम में सफलता होगी। इस मास में शुक्र, सूर्य तथा बुध अपनी राशि बदलेंगे जिस से अधिक धन की प्राप्ति का योग बनेगा। शुभ दिन 1, 7, 13 व 27 मई हैं।

जूनः- फलित शास्त्रों के अनुसार यह मास सामूहिक रूप से अशान्ति तथा दौड़धूप के वातावरण में ही गुज़रेगा। आप का शरीर प्रायः अस्वस्थ रहेगा। विद्यार्थी वर्ग को इस मास पढाई सम्बन्धित हर काम में उलझनें तथा रुकावटों के कारण सानसिक अशन्ति बनी रहेगी। शुभ दिन 6, 19, 21 जून हैं।

जुलाईः- इस मास में आरम्भ किये हुए हर काम में सफलता मिलने का योग प्रबल है। सूर्य के कर्कट राशि में प्रवेश करने से सूर्य चौथे भाव में होगा जिस के प्रभाव से मास के अन्तिम दो सप्ताहों में अत्याधिक खर्च होने की संभावना है। इस मास के शुभ दिन 12, 19, 26 जुलाई हैं।

अगस्तः-आप के लिए इस मास में यात्रा करना कष्टदायक होगी। यदि आप नौकरी करते हैं तो वेतन में वृद्धि या किसी और दिशा से अकस्मात् धन मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग के लिए यह मास सफलता का है। शुभ दिन 9, 15, 30 अगस्त हैं।

सितम्बरः- हर आरम्भ किये हुये काम में संघर्ष के बाद ही सफलता होगी। यदि आप विद्यार्थी है, तो पढने लिखने से सम्बन्धित हर काम में रुकावट के बाद ही सफलता प्राप्त होगी, इस लिए इस मास में आप को कठोर परिश्रम करना चाहिए। इस मास के शुभ दिन 11, 16 व 29 सितम्बर हैं।

अक्टूबरः- इस मास के गोचर चक्र के अनुसार नौकरी पेशा वर्ग तथा व्यापारी वर्ग किसी तर्की या लाभ की आशा न रखें अपितु अपने काम के विषय में सावधान रहिये, अकस्मात् हानि की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। यदि आप कोई वाहन या भूमि खरीदना चाहते हैं तो विजयेश्वर जन्त्री के मुहूर्त प्रकरण में दिये गए मुहूर्तों पर ही ऐसे कार्य करने का निश्चय करें। इस मास के शुभ दिन 19, 26 अक्टूबर हैं।

नवम्बरः- फलित शास्त्रों के आधार पर इस मास में सूर्य तथा शुक्र की स्थिति शुभ मानी गई है। जिस से अकस्मात् कोई तामीरी काम या जाईदाद बनाने के प्रोग्राम को असली रूप दिये जाने का योग है। गृहस्थी होने पर किसी सदस्य की शरीर सम्बन्धी चिन्ता बनी रहेगी। विद्यार्थी वर्ग इस मास में विद्या सम्बन्धित कार्यों में कम दिलचसपी लेंगे।

दिसम्बरः- इस मास वैष्णव रहें, गृहस्थी होने पर ब्रह्मचर्यव्रत का पालन करें, यदि आप स्वयं वाहन चलाते हैं तो भौवार को सावधानी से ही सफर करें। इस मास में आप पर शुत्रओं का अधिक दबाव रहेगा। इस मास शुभ दिन 12, 17 दिसम्बर हैं।

जनवरीः- इस मास में तर्की या तबदीली का योग है। घरेलू वातावरण भी शान्त रहने की सम्भावना है। इस मास में यात्रा का योग बनेगा जो आप के लिए लाभदायक रहेगा। विद्यार्थी वर्ग को सावधान रहना चाहिए, इसलिए आवश्यक है कि आप अपने समय का एक क्षण भी व्यर्थ न करें।

फरवरीः- इस मास में कोई महोत्सव रचाने का परोग्राम बनेगा जिस में आप का विशेष योगदान होगा। विद्यार्थी वर्ग को विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता मिलेगी। मित्रों के साथ मेलमिलाप में वृद्धि तथा धार्मिक कार्यों में भी रुचि बड़ने की सम्भावना है। इस मास के शुभ दिन 2, 25 फरवरी हैं।

मार्चः- यदि आप का जाईदाद सम्बन्धित कोई झगडा चल रहा है तो इस मास में उसके सुलझने की सम्भावना है। यदि आप कोई महोत्सव रचाने का विचार रखते हैं तो इसी मास में सम्पन्न करें, वह महोत्सव आप की शान व मान को बढ़ाने का कारण बनेगा। इस मास के शुभ दिन 6, 13, 19 व 27 मार्च हैं।

मीन राशि का मासिक फल

अप्रेलः-यदि आप किसी लडकी या लडके की शादी के प्रयत्न में हैं तो ऐसे कामों में सफलता अवश्य मिलेगी। विद्यार्थी वर्ग के लिए यह मास ठीक नहीं है, विद्या सम्बन्धित कार्यों में असफलता की सम्भावना है परन्तु आर्थिक दृष्टि से यह मास उत्तम ही रहेगा। इस मास के शुभ दिन 1 व 21 अप्रेल हैं।

मईः- इस मास के गोचर चक्र के अनुसार 14 मई तक आर्थिक संकट के साथ साथ मानसिक अशान्ति बनी रहेगी। शत्रु पक्ष के प्रभावी होने की भी सम्भावना है। अगर आप व्यापार करते है तो 14 मई तक किसी भी कार्य में निवेश न करें या कोई भी नया कार्य आरम्भ न करें। आर्थिक संकट अवश्य दूर होगा। शुभ दिन 6, 17 व 21 मई हैं।

जूनः- इस मास में हर प्रकार से सुख शान्ति का वातावरण बना रहेगा। आरम्भ किये हुये प्रायः हर काम में सफलता होगी। गृहस्थी होने पर गृहस्थपक्ष से शुभ सन्देश मिलेगा अथवा घर में लडके का जन्म होगा। शुभ दिन 2, 10 व 29 जून हैं।

जुलाईः- यदि आप व्यापार करते हैं और अपने व्यापार को बढाना चाहते हैं तो यह मास आप के लिए लाभदायक रहेगा। विद्यार्थी होने पर इन्टरविव हो या कालेज का प्रवेश आदि हो तो किसी परिणाम की प्रतिक्षा हो, हर क्षेत्र में सफलता होगी।

अगस्तः- इस मास में मानसिक शान्ति के साथ साथ गृहस्थ में भी सुख और शान्ति का वातावरण बना रहेगा। अगर आप विद्यार्थी वर्ग से सम्बन्धित हैं तो विद्या के क्षेत्र में इस मास में बहुत सी बाधायें आऐंगी अतः कड़े परिश्रम के पश्चात ही सफलता की आशा रखें। शुभ दिन 7 व 24 अगस्त हैं।

सितम्बरः- यदि आप ने अपने घर में कोई शुभ काम आरम्भ करना हो तो जहां तक हो सके इस मास में आरम्भ कीजिए चन्द्रमा की अच्छी स्थिति होने से आप को हर काम में सफलता होगी। इस मास के शुभ दिन 2 व 19 सितम्बर हैं।

अक्टूबरः- मिलेजुले योग के अनुसार यह मास शान्त वातावरण में ही गुज़रेगा, आर्थिक दृष्टि से भी यह मास उत्तम रहेगा। विद्यार्थी वर्ग के लिए यह मास सफलता का ही है परन्तु दौडदूप के साथ साथ कुछ मानसिक अशान्ति भी बनी रहेगी।

नवम्बरः- यह मास भी सामूहिक रूप से आप के लिए लाभदायक रहेगा। यदि आप किसी परेशानी या मुक्दमा आदि में फंसे हैं तो ऐसी समस्याओं का हल स्वयं निकल आयेगा, लाभ की दृष्टि से यह मास बहुत ही उत्तम है, यदि आप कोई वाहन आदि खरीदना चाहें तो इन की खरीद इस मास में लाभदायक रहेगी परन्तु जाईदाद आदि बेचना हानिकारक होगा।

